प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

चोरी की 06 मोटर साइकिले बरामद, तीन अंतर्जनपदीय आटोलिफ्टर गिरफ्तार

दिनांक 20.07.21

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है।

दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में दिनांक 19.07.2021 को थाना रामकोट व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तगण 1.शिवालाल पुत्र राम नरेश निवासी नेरी थाना रामकोट सीतापुर 2.श्रवण पुत्र रामदास निवासी गंगेई थाना इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर 3.रवि पुत्र सुरेश निवासी टेड़वा थाना रामकोट सीतापुर को हलुवापुर मोड़, कटीली के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से भिन्न भिन्न स्थानों से चोरी की गयी कुल 06 मोटरसाइकिले बरामद हुई है। अभियुक्त शिवालाल उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस 315 बोर एवम् अभियुक्त श्रवण उपरोक्त के कब्जे से एक अदद चाकू भी बरामद हुआ है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मिलकर सीतापुर सहित आसपास के जनपदों में भी दोपहिया वाहनो को चुराकर उनके नंबर प्लेट बदलकर कुछ समय चलाकर बेच देते है और मिले पैसो को आपस में बांट लेते है। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामकोट पर मु0अ0सं0 261/21 धारा 411/413/419/420 भादवि व बरामद अवैध शस्त्र के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 262/21 धारा 25(1-b) आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0 263/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 261/2021 धारा 411/413/419/420 भादवि थाना रामकोट जनपद सीतापुर
2. मु0अ0सं0 262/21 धारा 25(1-b) आर्म्स एक्ट थाना रामकोट जनपद सीतापुर
3. मु0अ0सं0 263/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना रामकोट जनपद सीतापुर

अभियुक्तगण का नाम/पता-

1. शिवालाल पुत्र राम नरेश निवासी नेरी थाना रामकोट सीतापुर
2. श्रवण पुत्र रामदास निवासी गंगेई थाना इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर
3. रवि पुत्र सुरेश निवासी टेड़वा थाना रामकोट सीतापुर

बरामदगी-

1. हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल प्रो UP 31 AM 5662
2. प्लेटिना मोटरसाइकिल गाड़ी नं0 UP32 BW 8252
3. हीरो स्पे0 UP 34 E 4885
4. होण्डा साइन UP 34 AF 6531
5. होण्डा CD 110 DX UP 32 GA 3728
6. हीरो स्पे0 प्लस UP34W 7384
7. एक अदद तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर
8. एक अदद नाजायज चाकू बरामद

पुलिस टीम थाना रामकोट–

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार सिंह
2. का0 शुभम तिवारी
3. का0दीपक कुमार
4. का0 संजय कुमार

क्राइम ब्रांच पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री अजय रावत
2. का0 सोहनपाल तोमर
3. का0 राहुल कुमार
4. का0 आनन्द कुमार